# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/मा–स/AKAM/2022 दिनांक : 01-08-2022

**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, समग्र शिक्षा, जयपुर।**
**समस्त जिला कलक्टर।**
**समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।**
**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ/यूसीईईओ ।**

विषय – आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत राजस्थान के समस्त राजकीय व गैर–राजकीय विद्यालयों में एक ही समय में एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन कराने के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :– शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर का पत्रांकः प. 24(5)शिक्षा–6/AKAM/2021 दिनांक : 28.07.2022

विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत राजस्थान के समस्त राजकीय व गैर–राजकीय विद्यालयों में दिनांक : 12 अगस्त, 2022 को प्रातः 10.15 पर एक ही समय में एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन करवाया जाएगा। यह कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम बाबत् निम्नांकित निर्देश जारी किए जाते हैं :–

Rajasthan Education Department

**1. कार्यक्रम की पूर्व तैयारीः–**

राज्य जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर एक ही समय में एक साथ देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन करवाया जाएगा। कार्यक्रम की पूर्व तैयारी हेतु गाये जाने वाले समस्त गीतों का अभ्यास करवाया जाने हेतु निम्नांकित निर्देश दिए जाते है :–

- राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए गीतों का पूर्वाभ्यास करवाने हेतु नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक, जयपुर को नियुक्त किया जाता है।
- राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित रहकर गीत गाने वाले विद्यार्थियों को अभ्यास करवाने हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी विद्यार्थियों का चयन कर निर्धारित स्थान का चयन कर प्रतिदिन अभ्यास करवाएंगे।
- जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम हेतु पूर्वाभ्यास करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को नोडल नियुक्त किया जाता है।
- जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित रहकर गीत गाने वाले विद्यार्थियों को अभ्यास करवाने हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी विद्यार्थियों का चयन कर निर्धारित स्थान का चयन कर प्रतिदिन अभ्यास करवाएंगे।
- ब्लॉक स्तर पर होने वाले कार्यक्रम हेतु पूर्वाभ्यास करवाने के लिए ACBO-I को नोडल नियुक्त किया जाता है।
- ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित रहकर गीत गाने वाले विद्यार्थियों को अभ्यास करवाने हेतु राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी विद्यार्थियों का चयन कर निर्धारित स्थान का चयन कर प्रतिदिन अभ्यास करवाएंगे।
- विद्यालय स्तर पर होने वाले कार्यक्रम हेतु पूर्वाभ्यास करवाने के लिए सांस्कृति कार्यक्रम प्रभारी/संगीत व्याख्याता/प्राचार्य द्वारा मानोनीत योग्य शिक्षक को नोडल नियुक्त किया जाए।

- प्रत्येक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम में गाए जाने वाले गीतों को समस्त विद्यार्थियों द्वारा एक लय एवं ताल में गाए जाने हेतु प्रतिदिन आखिरी कालांश में नियमित अभ्यास करवाया जाएगा।
- कार्यक्रम में गाए जाने वाले गीत निर्धारित क्रम में निर्धारित स्क्रिप्ट के अनुसार ही गाए जाने है, उक्त बाबत् इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक : 30.07.2022 द्वारा निर्देशित किया जा चुका है।
- उल्लिखित समस्त नोडल अधिकारी विद्यार्थियों द्वारा गीतों को गाए जाने का अभ्यास निर्धारित ऑडियों, जिसका यू-ट्यूब लिंक – https://youtu.be/1SFkRhuk5Bg , https://youtu.be/02gQ__993Dk के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**2. कार्यक्रम को विश्व रिकार्ड में सम्मिलित किए जाने बाबत् कार्यवाही:-**

- एक साथ सभी विद्यालयों में देशभक्ति गीत सामूहिक रूप से एक साथ गायन होने के कारण यह अनूठा कार्यक्रम रहेगा। उक्त कार्यक्रम को संबंधित रिकार्ड बुक में रिकार्ड बनने के लिए की जाने वाली कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु उप निदेशक (शाला दर्पण), जयपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।
- नोडल अधिकारी यथा समय रिकार्ड टीम से समन्वय कर इवेंट रिकार्ड की व्यवस्था करवाऐंगे।
- शाला दर्पण पोर्टल पर समस्त स्तरों पर भाग लेने वाले अतिथियों, अधिकारियों, कार्मिकों व विद्यार्थियों की संख्यात्मक सूचना एवं फोटो/वीडियो अपलोड करने हेतु मॉडयुल तैयार करवाया जाएगा। शालादर्पण प्रकोष्ठ जयपुर व बीकानेर के शिक्षाधिकारी एनआईसी से सम्पर्क कर मॉडयुल तैयार करवाएंगे।
- उक्त मॉड्यूल को इस प्रकार तैयार करवाया जाए, जिससे तत्काल ही भाग लेने वालों की संख्या का आकलन हो सके ।
- उक्त मॉड्यूल में प्रविष्टि करने बाबत् ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर यह कार्य नोडल अधिकारी द्वारा नामित प्रभारी द्वारा यह कार्य किया जाएगा। इसकी ट्रेनिंग शाला दर्पण प्रभारी द्वारा दी जाएगी।
- इसके अतिरिक्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के 5-5 फोटों व वीडियों (जो 02 मिनट से ज्यादा न हों) निम्न निर्धारित किए गए ई-मेल secondarydd35@gmail.com पर उपलब्ध करवाएंगे।
- समस्त CBEO & CDEO अपने जिले के समस्त विद्यालयों के दो-दो फोटोंग्राफ अपने ई-मेल पर सुरक्षित रखेंगे।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**3. कार्यक्रम का स्तर व स्थान:-**

देशभक्ति गीतों को एक साथ गाये जाने वाले कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर निम्नांकित् तालिकानुसार स्थानों पर किया जाना है:-

| क्रम | कार्यक्रम का स्तर | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|
| 1. | राज्य स्तर | सवाईमान सिंह स्टेडियम, जयपुर। जिला जयपुर हेतु यही कार्यक्रम जिला स्तर का भी माना जाएगा। |
| 2. | जिला स्तर | जिला मुख्यालय पर स्थित कोई बड़ा स्टेडियम जिला कलक्टर महोदय द्वारा अनुमत। |
| 3. | ब्लॉक स्तर | ब्लॉक के सबसे बड़े स्टेडियम अथवा सबसे बड़े विद्यालय के खेल मैदान। |
| 4. | विद्यालय स्तर | विद्यालय के प्रार्थना स्थल या ऐसा स्थान जहां पर विद्यालय स्तरीय बालसभा आयोजित की जाती है। |

**4. कार्यक्रम का स्वरूपः–**

देशभक्ति गीत गायन कार्यक्रम राज्य, जिला, ब्लाक व विद्यालय स्तर पर निम्नांकित निर्धारित कम में ही देशभक्ति गीत सामूहिक रूप से गाये जाएंगे। उक्तानुसार कार्यकम में देशभक्ति गीतो का कम निम्नांकितानुसार रखा जाएगा।

- वन्देमातरम्
- गीत– सारे जहां से अच्छा...
- गीत– आओ बच्चों तुम्हें दिखाए झांकी हिन्दुस्तान की.....
- गीत–झण्डा ऊंचा रहे हमारा
- गीत– हम होंगे कामयाब एक दिन
- राष्ट्रगान

(नोट– उक्त गीतों की स्क्रिप्ट इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक : 30.07.2022 के माध्यम से पूर्व में प्रेषित की जा चुकी है)

**5. राज्य, जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर होने वाले कार्यकम हेतु मिनिट टू मिनिट कार्यकमः–**

| क.स. | किए जाने वाले कार्य | समय |
|---|---|---|
| 8. | समस्त विद्यार्थियों की कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना। | 9.30 बजे तक |
| 9. | मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत एवं दीप प्रज्वलन | 10.13 से 10.15 बजे तक |
| 10. | मंच पर गायन करने वाले एवं सम्मुख स्थित विद्यार्थियों व अन्य को व्यवस्थित करना। | 10.15 से 10.20 बजे तक |
| 11. | सामूहिक देशभक्ति गीत गायन | 10.20 से 10.36 बजे तक |
| 12. | मंच से गायन करने वाले विद्यार्थियों को बैठक व्यवस्थानुसार निर्धारित स्थान पर बैठाना | 10.36 से 10.40 बजे तक |
| 13. | मुख्य अतिथि उद्बोधन | 10.41 से 10.47 बजे तक |
| 14. | कार्यकम समाप्ति | 10.50 |

**6. कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी व संचालन समिति :–**

देशभक्ति गीतों को एक साथ गाये जाने वाले कार्यकम के सफल संचालन हेतु राज्य, जिला, ब्लॉक व विद्यालय स्तर पर निम्नांकित तालिकानुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाते हैः–

| क्रम | कार्यक्रम का स्तर | नोडल अधिकारी |
|---|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय कार्यकम | राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त समग्र शिक्षा |
| 2. | जिला स्तरीय कार्यक्रम | मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक |
| 3. | ब्लॉक स्तर स्तरीय कार्यकक | मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक |
| 4. | विद्यालय स्तर कार्यकम | संस्था प्रधान |

➢ **राज्य स्तरीय कार्यकम हेतु संभागी विद्यार्थीः–**

जयपुर शहर क्षेत्र में स्थित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक, जयपुर द्वारा नामित राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी। अपने विद्यालय गणवेश में कार्यकम में भाग लेंगे। इनके साथ प्रत्येक विद्यालय से संस्था प्रधान द्वारा नामित दो–दो शिक्षक भी साथ रहेंगे। एनसीसी व स्काउट के विद्यार्थी अपने गणवेश में भाग लेंगे। एनसीसी एवं स्काउट के बच्चों को तैयार करने एवं कार्यकम में भाग लेने हेतु सम्बन्धित संस्था के एनसीसी/स्काउट अध्यापक इस हेतु दायित्वबद्ध रहेंगे। उक्त कार्यकम में सवाई मानसिंह स्टेडियम की क्षमता के अनुरूप अधिकाधिक विद्यार्थियों के भाग लेने हेतु राज्य स्तरीय कमेटी स्कूलों व प्रत्येक स्कूल से आने वाले बच्चों का निर्धारण करेगी।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

जिला मुख्यालय स्थित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी। अपने विद्यालय गणवेश में कार्यक्रम में भाग लेंगे। इनके साथ प्रत्येक विद्यालय से संस्था प्रधान द्वारा नामित दो–दो शिक्षक भी साथ रहेंगे। एनसीसी व स्काउट के समस्त विद्यार्थी अपने गणवेश में भाग लेंगे। जिला स्तरीय कमेटी कार्यक्रम स्थल की क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित कर विद्यालयों से विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित करेंगे।

ब्लॉक मुख्यालय स्थित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी। अपने विद्यालय गणवेश में कार्यक्रम में भाग लेंगे। इनके साथ प्रत्येक विद्यालय से दो–दो शिक्षक भी साथ रहेंगे। एनसीसी व स्काउट के समस्त विद्यार्थी अपने गणवेश में भाग लेंगे। ब्लॉक स्तरीय कमेटी कार्यक्रम स्थल की क्षमता के अनुरूप विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित कर विद्यालयों से विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित करेंगे

विद्यालयों के कक्षा 1 से 12 में पढ़ने वाले समस्त विद्यार्थी। अपने विद्यालय गणवेश में कार्यक्रम में भाग लेंगे। एनसीसी व स्काउट के समस्त विद्यार्थी अपने गणवेश में भाग लेंगे।

उल्लिखितानुसार प्रत्येक स्तर पर दायित्वबद्ध अधिकारी सौंपे गए कार्यों का सम्पादन निर्धारित समय में पूर्ण करते हुए कार्यक्रम को अधिकाधिक भव्य रूप से सम्पादित करना/करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**(गौरव अग्रवाल)**
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
4. शासन उप सचिव, शिक्ष (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर।
5. समस्त उपखण्ड अधिकारी।
6. सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, बीकानेर/जयपुर।
7. समस्त संस्था प्रधान।
8. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर